तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 22 मार्च 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


4 सड़क किनारे सज गई रंग गुलाल की दुकानें




CRASH COURSE
NEET / IIT-JEE
HOSTEL AVAILABLE
ADMISSION OPEN
NURSING PHARMACY
ICAR CUET PET PAT PPT NDA
1st BATCH - 23-03-2024
2nd BATCH - 27-03-2024
THE BEST COACHING INSTITUTE FOR JEE / NEET IN KORBA

DROPPER BATCH
NEET / IIT-JEE
CLASSES START 13th MAY
SCHOOL + COACHING
6th 7th 8th 9th 10th 11th 12th with NEET/IIT-JEE
HOSTEL AVAILABLE
ADMISSION OPEN
IQRA CLASSES, (A UNIT OF PCM CLASSES) NEAR NIHARIKA TALKIES, KORBA
8962373124,7000684821,9827109471



न्यू बैच प्रारंभ
CGPSC/VYAPAM
शिक्षक भर्ती/ CGTET
छात्रावास अधीक्षक / आरक्षक भर्ती
सिद्धार्थ ट्यूटोरियल्स


## खबर संक्षेप

### शहीद दिवस पर इप्टा की प्रभातफेरी कल

**अम्बिकापुर।** देश की स्वतंत्रता के लिए फांसी पर चढ़ने वाले वीर शहीदों की कुर्बानी को नमन कर इप्टा हर साल 23 मार्च को प्रभात फेरी निकालती है। शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से उनकी स्मृति में इप्टा पिछले 37 वर्षों से अनवरत यह आयोजन कर रहा है। प्रभात फेरी के संयोजक प्रितपाल सिंह ने बताया कि शनिवार को सुबह 7 बजे गांधी चौक से प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा महामाया चौक पर शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने स्कूली बच्चों, युवाओं सहित अन्य लोगों से निर्धारित समय पर श्रद्धांजलि के लिए पुष्प के साथ उपस्थित होने का अह्वान किया है।

### नशीले इंजेक्शन व कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** मणीपुर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास के तहत एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में नशीले इंजेक्शन व प्रतिबंधित सिरप के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा स्कूटी से घूम कर ग्राहक की तलाश कर रहे दर्रीपारा निवासी पप्पू साहू को हिरासत में लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान युवक के पास से स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 15 डीएम 2946 से 7 नग एम्पुल ब्यूरोनार्फिन इंजेक्शन एवं 7 नग कोडिन फास्पेड सिरप बरामद किया है जिसकी बाजार में कीमत 49 सौ रुपए है। पुलिस ने युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### कटार लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** मणीपुर पुलिस ने धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को



गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मणीपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सांड़बार नाका के समीप एक युवक धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सांड़बार निवासी 19 वर्षीय अंशु सोनवानी आ. इंदर सोनवानी को हिरासत में लेकर उसके पास से कटार बरामद किया। पुलिस ने खुलेआम हथियार लेकर लोगों में दहशत फैलाने वाले अंशु सोनवानी को 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।




रमज़ान मुबारक
ग्यारहवां रोज़ा
आज का इफ्तार - 6.13 बजे
कल की सेहरी - 4.34 बजे


### जागरूकता के अभाव में बहाया जा रहा गंदा पानी

# सिमटता जा रहा शहर को जीवन देने वाली बांकी नदी का स्वरुप, नाले में हुई तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- विश्व जल दिवस पर विशेष
- संरक्षण की दिशा में पहल की जरूरत

शहर को जीवन देने वाली बांकी नदी शहर के समीप सिमटकर नाले में तब्दील हो गई है। देखरेख के अभाव व जागरूकता की कमी के कारण नदी का दायरा सिमटता जा रहा है। इसके साथ ही लोगों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी से बांकी नदी का पानी दूषित हो चुका है। हैरानी की बात तो यह है कि सिर्फ पूजा पाठ के लिए वर्ष में एक बार नदी की सफाई कर जिम्मेदारी पूरी कर ली जाती है लेकिन अब तक इस नदी के संरक्षण के लिए कोई विस्तृत कार्य योजना नहीं बनाई गई। बता दें कि बांकी नदी शहर को जीवन देने का काम करती है।

बांकी बांध के पानी की सप्लाई ही निगम क्षेत्र में की जाती है और इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों में लोग सिंचाई का काम भी करते है। निरंतर बहती प्राकृतिक जल स्त्रोत के रूप में बांकी नदी ही है जो शहर से होकर गुजरती है लेकिन शहर व सरगुजा को जीवन देने वाली नदी के संरक्षण को लेकर लोग गंभीर नजर नहीं आ रहे है। आलम यह है कि शहर के समीप यह नदी नाले का रूप ले चुकी है। शहर के शंकरघाट व मुक्तिधाम के समीप नदी का पाट धीरे धीरे सिकुड़ते चुका है और अब इसकी चौड़ाई बहुत कम रह गई है। सिकुड़ चुकी बांकी नदी का उपयोग सिर्फ और सिर्फ वाहनों की धुलाई के लिए किया जा रहा है। पिकअप, छोटे ट्रक, चार पहिया वाहनों की सफाई इस नदी में की जा रही है। ऐसे में नदी का पानी दूषित हो गया है। इसके साथ ही गर्मी के समय जगह जगह पानी को बांधने के कारण भी नदी सूख जा रही है।



शंकर घाट बांकी नदी।

#### बहा रहे नाले का पानी, फेंक रहे कचरा

बांकी नदी को दूषित करने में शहर वासियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। शहर को शुद्ध पानी देने वाले इस नदी में नाले का पानी बहाया जा रहा है। मिशन हॉस्पिटल, मैरीन ड्राइव के समीप से होकर, वन विभाग की जमीन से होते हुए गंदा पानी शंकरघाट से पहले काली मंदिर के समीप बांकी नदी में मिल जाता है। नाली का गंदा पानी नदी को दूषित कर रहा है। इसके साथ ही शहर से भी लोग अपने घरों से निकलने वाले पूजन सामग्रियों, फोटो फ्रेम, कांच व अन्य कचरे को शंकरघाट में आकर बहा देते है। चूंकि इस स्थान पर नदी ना ही गहरी है और ना ही नदी में बहाव अधिक है इस लिए लोगों द्वारा फेंका गया कचरा भी नदी में एक ही स्थान पर जमा रहता है।

#### वर्ष में सिर्फ एक बार सफाई

शहर को जीवन देने वाली बांक नदी लोगों की आस्था का भी केंद्र है। बांक नदी किनारे वर्ष वृहद पैमाने पर छठ पूजा की जाती है। वर्ष में दो बार लोग शारदीय व चैत्र छठ के लिए शंकरघाट पहुंचते है। इसके साथ ही सावन के महीने में श्रद्धालु इसी बांक नदी से जल उठाकर कैलाश गुफा के लिए रवाना होते है। ऐसे में इन आयोजनों के समय ही सिर्फ नदी के एक हिस्से की सफाई हो पाती है। मां महामाया छठ पूजा सेवा समिति द्वारा छठ पर्व व कांवर यात्रा के दौरान छठ घाट की सफाई की जाती है लेकिन एक संस्था द्वारा की गई पहल काफी नहीं है। नदी की सफाई के लिए लोग स्वयं से आगे आते है लेकिन सफाई के साथ ही विस्तृत कार्य योजना बनाकर इसके संरक्षण की दिशा में काम करने की मांग भी लगातार उठ रही है।

#### सभी के प्रयास की जरूरत

बांकी नदी के संरक्षण व साफ सफाई को लेकर लगातार हम जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। नदी में लोग अपनी गाड़ियां धो रहे है, नाला का पानी आकर नदी में मिल रहा है। सभी के प्रयास व कार्ययोजना बनाकर ही इसे फिर से संरक्षित किया जा सकता है।

-विजय सोनी
अध्यक्ष मां महामाया छठ पूजा समिति

#### बनाना चाहिए कार्य योजना

बांकी नदी से ही पूरे शहर को पानी मिल रहा है। इसलिए इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को मिलकर कार्य योजना बनानी चाहिए। नदी का संरक्षण करने से ही आने वाले समय में इसका अस्तित्व बना रहेगा।

-राकेश गुप्ता
जिपं सदस्य

#### तैयार किया गया है ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट

शहर की चारों दिशाओं में अमृत मिशन 2 के तहत 110 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। शहर से निकले वाले नालों के पानी को ट्रीटमेंट करने के बाद ही नदी व अन्य जल स्त्रोत में छोड़ा जाएगा। राशि की स्वीकृति हो चुकी है। जल्द ही इस दिशा में काम शुरू किया जाएगा।

-डॉ. अजय तिर्की
महापौर ननि

# दूसरे रंग का ब्लेजर पहनने पर छात्र की डंडे से बेदम पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



- परिजन ने प्राचार्य पर लगाया मारपीट का आरोप, कार्रवाई की मांग

स्कूल से निर्धारित रंग से अलग ब्लेजर पहनकर आने पर छात्र की पिटाई का मामला सामने आया है। छात्र के परिजन ने प्राचार्य पर बुरी तरह पिटाई करने का आरोप लगाकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में प्राचार्य ने चोट पहुंचाने की नियत से छात्र की पिटाई करने से इनकार किया है। इस घटना के बाद परिजन ने रोष का माहौल है। बताया जा रहा है कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल देवगढ़ में पढ़ने वाला कक्षा 9वीं का छात्र कुणाल ठाकुर आ. राजेश ठाकुर ठण्ड के कारण स्कूल द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड से मिलते जुलते रंग का ब्लेजर पहनकर स्कूल पहुंच गया था। आरोप है कि कक्षा में चल रही पढ़ाई का निरीक्षण करने पहुंचे प्राचार्य सुनील गुप्ता ने बच्चे को अनुशासन का पाठ पढ़ाने के नाम पर उसका ब्लेजर उतरवा दिया और जमकर फटकार लगाई। इसके बाद प्राचार्य ने डंडे से छात्र की पिटाई कर दी। प्राचार्य ने छात्र को इतना पीटा कि डंडा टूट गया। इस मारपीट से कक्षा में मौजूद अन्य छात्र भी दहशत में आए गए जबकि पिटाई से बच्चे के शरीर पर गहरे निशान उभर आए। छात्र ने इस घटना की जानकारी जब परिजन को दी तो छात्र के पिता व परिजन स्कूल पहुंचे और प्राचार्य के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने मामले में प्राचार्य पर जबरन मारपीट करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। छात्र के पिता राजेश ठाकुर का कहना है कि यदि बच्चे ने गलती की थी तो इसकी जानकारी परिजन को देनी चाहिए थी। प्राचार्य ने परिजन को स्कूल बुलाकर जानकारी देने के बजाए खुद ही उसकी बेदम पिटाई कर दी। इस घटना के बाद बच्चा अवसाद में आकर कुछ भी कर सकता है। उन्होंने मामले की जांच के साथ ही दोषी पर कार्रवाई की मांग की है। परिजन का कहना है कि इस संस्था में मारपीट की ये कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी बच्चों के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट की गई है। मारपीट के बाद बच्चों को फेल करने एवं नाम काटने की धमकी दी जाती थी ताकि धमकी से डरा सहमा बच्चा मारपीट के बारे में घरवालों को न बता सके।

#### चोट पहुंचाने की नीयत से नहीं मारा

प्राचार्य सुनील गुप्ता ने बताया कि उन्होंने बच्चे को चोट पहुंचाने की नीयत से नही मारा है। बच्चे में अनुशासन की कमी, पढ़ाई में लापरवाही एवं अन्य कई तरह की शिकायतें मिली थी।जिसको लेकर मैंने बच्चे को मौखिक तौर पर कई बार बोला भी था और उसे अपने अभिभावक को स्कूल लाने कहा था। इसके बाद भी न उसमे सुधार आया और न वो अपने अभिभावक को लेकर आया। आज निरीक्षण के दौरान उसने ब्लेजर भी दूसरा पहना हुआ था, जिसकी वजह से मैंने उसे पीटा ताकि वो अपने में सुधार ला सके।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने समय-समय पर करें फ्लैग मार्च व पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- आईजी ने रेंज के अधिकारियों की ली बैठक, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की समीक्षा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को आईजी अंकित गर्ग की अध्यक्षता में आईजी छत्तीसगढ़ सशत्र बल उत्तर क्षेत्र सरगुजा एवं रेंज के एसपी, संभागीय नगर सेना कमांडेंट की मौजूदगी में रेंज स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान आईजी श्री गर्ग ने संभाग व जिला इकाई में उपलब्ध बलों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। आईजी ने लोकसभा चुनाव में बलों की आपूर्ति को पूर्ण करने व आने वाले केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के आवश्यकतानुसार मूलभूत सुविधाएं, व्यवस्था, संसाधनों तथा फोर्स को मतदान केंद्र व मतगणना स्थल पर डेप्लॉयमेंट से संबंधित विभिन्न विषयों में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के साथ-साथ आने वाले होली त्योहार को देखते हुए आप अपने इकाई में अधिक से अधिक संख्या में बल रिजर्व में रखें ताकि समयानुसार आकस्मिकता की स्थिति में वीआईपी आगमन, कानून व्यवस्था हेतु उपरोक्त बल को ड्यूटी लगाने में सुगमता हो। लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत एवं शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने हेतु समय-समय पर उपरोक्त बल को शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में फ्लैग मार्च व निरंतर गश्त व पेट्रोलिंग कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय एवं सीमावर्ती सरहदी क्षेत्रों में बने चेक पोस्टों की मॉनिटरिंग स्वयं समय समय पर करते रहें, साथ ही पर्याप्त बल लगाए व चौकसी बढ़ाकर संदिग्ध गतिविधियों वाले व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखें। किसी भी प्रकार की कोई अवैध वस्तु पाए जाने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए। बैठक में छसबल उत्तर क्षेत्र सरगुज के आईजी आरिफ शेख, एसएसपी सूरजपुर एमआर आहिरे, एसएसपी बलरामपुर डॉ. लाल उमेद सिंह, एसपी सरगुजा विजय अग्रवाल, एसपी कोरिया सूरज सिंह परिहार, एसपी जशपुर शशि मोहन सिंह, एसपी एमसीबी चंद्र मोहन सिंह, संभागीय सेनानी राजेश पाण्डेय, एसपी रवि कुर्रे, सेनानी कमांडेट नगर सेना शिव कुमार कठौतिया, संजय कुमार गुप्ता, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत आदि मौजूद थे।



# पुलिस ने ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम का पालन कराने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- लोगों को ग्रीन सिग्नल, जेब्रा क्रॉसिंग की दी गई जानकारी

शहर में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सरगुजा पुलिस ने नया अभियान चलाया है। अभियान के तहत पुलिस द्वारा लोगों को जेब्रा क्रॉसिंग व ट्रैफिक सिग्नल की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नियमों का पालन कराया जा रहा है। बता दें कि शहर के गांधी चौक, घड़ी चौक, बिलासपुर चौक सहित अन्य प्रमुख चौक चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाए गए है लेकिन वर्षों बाद भी लोग सिग्नल सिस्टम का पालन करना नहीं सीख पाए है। वाहन चलाते समय लोग जेब्रा क्रॉसिंग को पार कर बीच चौक पर पहुंच जाते है। इसके साथ ही सिग्नल तोड़कर आगे निकल जाते है। ऐसे में एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे यातायात जागरूकता व सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज चौक चौराहों पर लोगों को जेब्रा क्रॉसिंग व अन्य नियमों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही इसका कड़ाई से पालन करने की समझाइस दी गई। पुलिस व यातयात विभाग द्वारा लोगों को ग्रीन सिग्नल होने पर ही सड़क पार करने, वाहन रोकने की स्थिति में चौक-चौराहों पर स्टॉप लाईन को क्रॉश न करने हेतु समझाईश दी गई। वहीं लोगों को अपने बायें साईड की सड़क खाली रखने हेतु भी हिदायत दी गई है, जिससे अन्य वाहन जो बायें तरफ रोड़ में जाना चाहते हैं वे आसानी से जा सकेंगे।



### बेसिक लाइफ सपोर्ट व एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट पर तीन दिवसीय कार्यशाला, स्किल लैब को मिली सराहना

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सिखाए जीवन रक्षा के गुर, दिया गया बीएलएस प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज में सड़क दुर्घटना, हार्ट अटैक सहित अन्य गंभीर मरीजों को त्वरित व बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने बेसिक लाइफ सपोर्ट व एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट विषय कर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज व एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पीजी के सभी छात्रों व फैकल्टी को ट्रेनिंग दिया। कार्यशाला के दौरान मेडिकल कॉलेज के स्किल लैब का दिल्ली के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जमकर सराहना की व कहा कि ऐसा स्किल लैब देश के कुछ चुनिंदा कॉलेज में ही मौजूद है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में बेसिक लाइफ सपोर्ट(बीएलएस) व एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट (एसीएलएस) विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नवनिर्मित भवन के स्किल लैब में रखा गया था। एनेस्थीसिया विभाग के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से डॉ. भावना सक्सेना, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. नीरा के साथ ही मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षक डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. एम्स से डॉ. धीरज, व डॉ. शिल्पा खन्ना ने स्किल लैब में विभिन्न मॉडल व मैनक्विन पर पीजी के 39 पीजी छात्र छात्राओं को अभ्यास कराया। इस दौरान उन्हें बर्न, इलेक्टिक शॉक, रोड साइड एक्सीडेंट, हार्ट अटैक, धड़कन की बीमारियों के कौशल व दक्षता के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सड़क हादसे में तत्परता के साथ सीपीआर देने के साथ ही उन्हें किस तरह आईसीयू तक पहुंचाकर उपचार सुविधा उपलब्ध करानी है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं के साथ ही फैकल्टी ने ने स्वयं अभ्यास किया। मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आर मूर्ति ने बताया कि देश के नामचीन आईसीयू विशेषज्ञों ने यहां के स्किल लैब को अत्याधुनिक व बेहतरीन सुविधाओं से लैस बताया। एमसीआई के मानक के अनुरूप पीजी के छात्रों को पहले वर्ष में ही टी प्रकार के कौशल का अध्ययन करना होता है। इसमें बायो मेडिकल रिसर्च, गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस ( जीसीपी) या गुड लैबोरेटरी प्रैक्टिस ( जीएलपी), बीएलएस व एसीएलएस शामिल है। इस प्रशिक्षण के लिए पीजी के छात्रों को दूसरे कॉलेज जाना पड़ता है लेकिन मेडिकल कॉलेज में हम उन्हें यह सुविधा उपलब्ध करा रहे है। इसके साथ ही अपने मास्टर ट्रेनर भी तैयार कर रहे है ताकि आने वाले समय में मेडिकल कॉलेज को एक ट्रेनिंग सेंटर के रूप में विकसित किया जा सके।



कार्यशाला में उपस्थित चिकित्सक।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नए जेम्स बॉन्ड पर लग गई मुहर ? इस अभिनेता के नाम पर चर्चा का बाजार गर्म



जेम्स बॉन्ड को लेकर इंटरनेट पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के दावों के मुताबिक एरोन टेलर-जॉनसन अगले जेम्स बॉन्ड के रूप में पर्दे पर नजर आएंगे। एक ब्रिटिश टैबलॉयड में छपी रिपोर्ट की मानें तो वे सबसे प्रतिष्ठित पात्रों में से एक जेम्स बॉन्ड के किरदार को निभाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने से बस एक कदम दूर हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टेलर-जॉनसन को औपचारिक रूप से इस किरदार को निभाने की पेशकश की गई है और आने वाले दिनों में वे इस अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। फिल्म जेम्स बॉन्ड के निर्माता ईओएन प्रोडक्शंस ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

ईओएन के एक सूत्र ने डेडलाइन को स्पष्ट रूप से बताया कि जेम्स बॉन्ड के रूप में डैनियल क्रेग की जगह कौन ले रहा है, इसकी जानकारी कुछ समय बाद ही सामने आ सकेगी। वहीं इन रिपोर्ट्स का टेलर जॉनसन ने भी अब तक खंडन नहीं किया है, जिससे अफवाहों का बाजार और अधिक गर्म हो गया है। इस बारे में बात करते हुए अभिनेता ने एक साक्षात्कार में बताया था, "मुझे यह अद्भुत और आकर्षक लगता है कि लोग मुझे उस भूमिका में देखते हैं। मैं इसे एक बड़ी प्रशंसा के रूप में लेता हूं।"

बता दें कि इसी महीने ही एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि जेम्स बॉन्ड बनने की रेस में ऑस्कर विजेता किलियन मर्फी भी शामिल थे।

### टालीवुड

## भारी सुरक्षा के बीच पुष्पा-2 के सेट पर पहुंचीं रश्मिका, दिखा फर्स्ट लुक



'एनिमल' की बंपर बॉक्स ऑफिस सफलता के बाद रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। यह फिल्म 'पुष्पाः द राइज' की सीक्वल है। फिल्म से सामने आए अल्लू अर्जुन के पोस्टर ने फैंस के उत्साह को बढ़ाया हुआ है। साथ ही फिल्म से जुड़ा हर एक अपडेट हेडलाइंस का हिस्सा बन रहा है। इसी बीच रश्मिका मंदाना भारी सिक्योरिटी के बीच 'पुष्पा 2' के सेट पर पहुंचती नजर आई हैं। अभिनेत्री का वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। रश्मिका मंदाना को उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पुष्पाः द रूल' के सेट पर देखा गया। एक मंदिर के बाहर लाल साड़ी पहने अभिनेत्री का वीडियो वायरल हो गया है। भारी सुरक्षा के बीच सेट पर पहुंचतीं रश्मिका वीडियो में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। वीडियो में अभिनेत्री की एक झलक पाने के लिए फैंस को भी इकट्ठा होते देखा जा सकता है। जानकारी हो कि फिल्म में रश्मिका अपनी श्रीवल्ली की भूमिका को दोहरा रही हैं, जिसने अल्लू अर्जुन द्वारा निभाए गए किरदार पुष्पराज से शादी की थी। ऐसा कहा जाता है कि सीक्वल उनकी शादी के बाद के जीवन पर केंद्रित है। कथित तौर पर लीक हुआ फुटेज आंध्र प्रदेश के यागंती मंदिर परिसर का है। पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पाः द रूल' वैश्विक स्तर पर धमाल मचाने को तैयार है। फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 'पुष्पाः द राइज' थी, जो सुकुमार द्वारा निर्देशित एक एक्शन एंटरटेनर थी। फिल्म 17 दिसंबर, 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 'पुष्पाः द राइज' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। वहीं 'पुष्पा 2' 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो जल्द ही विक्की कौशल के साथ फिल्म 'छावा' में नजर आने वाली हैं। कथित तौर पर, यह फिल्म एक ऐतिहासिक ड्रामा है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर केंद्रित है। इसके अलावा रश्मिका की झोली में 'एनिमल' फिल्म की सीक्वल 'एनिमल पार्क' भी है।

### भोजपुरी

## महादेव का गोरखपुर रिलीज होगी एक साथ 5 भाषाओं में



भोजपुरी फिल्म स्टार एवं सांसद रवि किशन की बहुचर्चित और बहुप्रतिक्षित फिल्म महादेव का गोरखपुर आगामी 29 मार्च को भोजपुरी सहित पांच भाषाओं में प्रदर्शित होने जा रही है। राजेश मोहनन द्वारा निर्देशित एवं प्रितेश शाह, सलिल संकरण द्वारा निर्मित यह फिल्म भोजपुरी के साथ ही हिन्दी, तेलगू, तमिल, कन्नड भाषा में देश ही नही विदेशों में भी यह रिलीज होने जा रही है। रवि किशन का जबरदस्त किरदार दर्शकों को देखने को मिलेगा। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' में अभिनेता रवि किशन का दो लुक नजर आयेगा। जिसमें से एक लुक में वह रौद्र रूप में महादेव के अंश के रूप में दिखेंगे। तो दूसरे लुक में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आयेंगे। जिसकी झलक रिलीज टीजर में देखी जा सकती हैं।फिल्म में दो कालखंड की कहानी हैं।साल 1727 की घटना का जिक्र किया गया हैं।जिसमें मुजफ्फर खान के हमले का जिक्र है। अभिनेता और सांसद रवि किशन स्वयं महादेव के भक्त हैं।वह कहते हैं, फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' एक शानदार फिल्म बनी हैं। इस फिल्म में महादेव शिव जी की जिस भव्यता और आस्था कसाथ स्तुति की गई है। वह अकल्पनीय है,ऐसा वर्णन पहले किसी फिल्म में नहीं हुआ है। महादेव जी ने मुझे इस फिल्म के लिए मुझे चुना है,यह मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है।उम्मीद हैं दर्शकों का भरपूर आशीर्वाद और प्यार सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' का निर्माण रवि किशन ने प्रितेश शाह और सलिल संकरण के साथ किया है।फिल्म का निर्देशन राजेश मोहनन ने किया है ।

### लाइफ स्टाइल



स्लीपिंग ब्यूटी का जलवा

बहुप्रतीक्षित फैशन शो मेट गाला 2024 की थीम का खुलासा हो गया है। 'स्लीपिंग ब्यूटीज' पर आधारित न्यूयार्क के इस फैशन शो में ब्लेक लिवली से लेकर गीगी हदीद तक मौजूद रहेंगे। फैशन की दुनिया में मेट गाला में सर्वश्रेष्ठ फैशन कार्यक्रम देखने के लिए प्रशंसक एक साल तक इंतजार करते हैं। यह फिल्मी सितारों का एक ऐसा शो बन गया है जिसमें अभिनेता, गायक और अन्य सहित हॉलीवुड सेलेब्स शामिल होंगे।

## शरीर पर हो रही है खुजली तो नहाने के पानी में मिलाएं ये चीजें

जैसे-जैसे मौसम बदल रहा है, वैसे-वैसे शरीर पर कई तरह के बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस मौसम में बहुत से लोगों की त्वचा पर खुजली की समस्या होने लगती है। वैसे तो इस परेशानी के लिए बाजार में कई तरह के प्रोडक्ट मिल जाते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को बाजार में मिलने वाले इन प्रोडक्ट पर भरोसा नहीं होता। ऐसे में वो घरेलू चीजों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से छुटकारा पाना चाहते हैं।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर भरोसा है तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको शरीर की खुजली दूर करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी बिना ज्यादा पैसे खर्च किए इस परेशानी से राहत पा सके। इन नुस्खों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। तो चलिए इसके बारे में जानते हैं।

### नीम के पत्ते

भारत के हर गली-मोहल्ले में आपको नीम का बड़ा सा पेड़ दिख ही जाएगा। इसकी पत्तियां कई मामलों में काफी मददगार रहती हैं। खासकर अगर बदलते मौसम में आपको खुजली परेशान कर रही है, तो आप नहाने के पानी में नीम की पत्तियां डाल



सकते हैं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

नीम में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में नीम की पत्तियों का इस्तेमाल नहाने के पानी में करने के लिए आपको नीम के पत्तों को पीसकर इसका अर्क निकालना है। अब इस अर्क को आप नहाने के पानी में डाल सकते हैं। कुछ ही दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

### सिरका

अगर आपके घर पर सेब का सिरका है, तो भी आप शरीर की खुलजी से राहत पा सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व कुछ ही दिनों में आपको शरीर की खुजली से राहत दिला सकते हैं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

सेब का सिरका इस्तेमाल करने के लिए आपको बस नहाने का पानी लेना है और उसमें 2 ढक्कन सेब का सिरका यानी एप्पल साइडर विनेगर डालना है। अब इसे अच्छी तरह से मिलाकर इस पानी से नहाएं। ये आपको जरूर फायदा पहुंचाएगा।

### एंटी-बैक्टीरियल साबुन

आप इसका आसान विकल्प तलाश रहे हैं, तो बाजार में आपको तमाम तरह की एंटी-बैक्टीरियल साबुन मिल जाएंगी। जिनसे नहाकर भी आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। हालांकि कोशिश करें, कि पानी में सिरका या फिर नीम के पत्ते डालकर इसी का इस्तेमाल करें।

## ऑफिस में है होली पार्टी तो ऐसे आउटफिट पहनकर दिखाएं जलवा

फैशन



होली का त्योहार हर किसी के लिए बेहद खास होता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई देते हैं। त्योहार के दिन हर जगह का माहौल काफी खुशनुमा होता है। होली के दिन जगह-जगह होली पार्टी का आयोजन होता है, जिसमें लोग मिलकर काफी एन्जॉय करते हैं।



इसी क्रम में कई दफ्तर भी ऐसे होते हैं, जो अपने कर्मचारियों के लिए होली पार्टी का आयोजन करते हैं, ताकि हमेशा काम करने वाले उनके कर्मचारी अपने लिए वक्त निकालकर थोड़ा खुश रह पाएं। होली पार्टी में दफ्तर का माहौल भी काफी खुशनुमा हो जाता है। इस दिन लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर आते हैं, और एक साथ पार्टी का मजा लेते हैं।

अगर आपके दफ्तर में भी होली पार्टी है, लेकिन आपको समझ नहीं आ रहा कि पार्टी में क्या पहनें तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आउटफिट के बारे में बताएंगे, जिसे आप होली पार्टी में कैरी कर सकती हैं।

**शरारा सूटः** आजकल इस तरह का शरारा काफी आरामदायक रहता है। इसके साथ दुपट्टा नहीं होता। ऐसे में आप आसानी से इसे कैरी करके अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं। इसके साथ हैवी झुमके से अपना लुक कंप्लीट करें।

**अंगरखा सूटः** ऐसा अंगरखा सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। इसके साथ अपने बालों में आप पोनीटेल बना सकती हैं। इसके साथ गले में ऑक्सीडाइज नेकपीस पहन सकती हैं।

**साड़ी :** अगर साड़ी पहनना पसंद तो दफ्तर की होली पार्टी में साड़ी पहनकर अपना जलवा दिखाएं। अगर आपकी साड़ी सफेद रंग की होगी, तो इसका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

**जींस और कुर्ता :** अगर ऐसा कपड़ा पहनना चाहती हैं, जो आरामदायक भी हो तो जींस के साथ कुर्ता पहनें। जींस में आप अपना मोबाइल भी रख सकती हैं। इसके साथ ही आप चाहें तो होली के प्रिंट वाला स्पेशल कुर्ता अपने लिए खरीद सकती हैं।

**अनारकलीः** अगर अनारकली सूट पहनने का मन है, तो आप इस तरह का शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कैरी कर सकती हैं। इसके साथ दुपट्टा कैरी करना न भूलें। ये आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगा।

## अपने सिंपल से लुक को स्टाइलिश स्लीव की मदद से बनाएं खूबसूरत

साड़ी हो या सूट कभी-कभी इनके बोरिंग स्टाइल हमें अच्छे नहीं लगते, तो कभी ट्रेंड में रहने वाले स्टाइल जैसे- टिप नेक, वन-स्ट्रिप ब्लाउज को पहनने का माहौल नहीं होता। ऐसे में आप केवल अपनी ड्रेस की स्लीव्स को स्टाइलिश बनाकर एक आकर्षक लुक पा सकती हैं, क्योंकि स्लीव्स अगर थोड़ा ट्रेंडी हों तो पूरा लुक नया हो जाता है। आप इन्हें अपने बड़ों और रिश्तेदारों के सामने या पूजा-पाठ में भी आराम से पहन सकती हैं।

**बलून स्लीव्सः** इसकी स्लीव फ्री स्टाइल होती है, जो लास्ट में फिटेड बेल्ट से कंप्लीट हो जाती है। अगर आपके हाथ पतले हैं तो यह आपके लिए ही है। वैसे तो यह हर फैब्रिक पर चल जाती है, लेकिन ऑर्गेंजा फैब्रिक में यह एकदम क्लासी लुक देती है।

**फिट एंड फ्लेयरः** वेलवेट सूट में इस तरह की स्लीव्स बहुत सुंदर लगती हैं। इन्हें आप शादियों में पहन सकती हैं। इसे कोहनियों तक फिट किया जाता है और फिर एक फ्लेयर पैटर्न होता है।

**कॉउल और प्लीटेडः** अगर आप एथनिक स्टाइल में मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो आपके लिए यह स्लीव स्टाइल बेस्ट है। इस पैटर्न में स्लीव्स प्लेटेड और लास्ट में फिटेड बेल्ट लगी होती है। मोटे



बाजू वाली महिलाएं शिफॉन या जॉर्जेट जैसे हल्के फैब्रिक में इस तरह की स्लीव्स बनवाएं तो बहुत सुंदर लगती हैं।


**सिंगल स्ट्रिपः** इस तरह की स्लीव्स सदाबहार हैं। ये सिंगल स्ट्रिप स्लीव्स होती हैं, इसलिए इनमें बाजू पूरी खुली रहती हैं। ये सूट, साड़ी और आपके एथनिक टॉप पर खूब फबती हैं। हेवी फैब्रिक, जैसे-बनारसी, सिल्क को ये मॉडर्न टच देती हैं। लेस वर्क

इसमें डबल लेस वर्क किया जाता है। आजकल कॉटन की जालीदार या क्रोशिया पर डिजाइन की गई लेस भी काफी ट्रेंड में है।

## अच्छे हेयर स्टाइल की समझें अहमियत, जरूर मिलेगी तारीफ

आपको गुड लुक्स देने में आपकी ड्रेस और स्किन केयर रूटीन का भी योगदान होता है। लेकिन इस बात को ये कहकर इग्नोर नहीं किया जा सकता है कि लोग सिर्फ कपड़ों को देखते हैं, स्किन, हेयर केयर या हेयर स्टाइल को नहीं।

आपके मन में अगला सवाल पक्का यही आया होगा कि शादी सीजन में कैसे गुड लुकिंग दिखें? गुड लुकिंग दिखने की पहली शर्त आपकी शानदार हेयर स्टाइल है। अच्छी हेयर स्टाइल आपके पूरे लुक्स को ट्रांसफॉर्म कर सकती है।



### मीडियम लेंथ बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल मीडियम लेंथ के हैं और उनका टैक्स्चर भी स्मूथ है तो, आप फवाद खान के क्लासिक स्लीक बैक लुक को अपना सकते हैं। ये काफी पुराना लेकिन क्लासिक लुक है जो एथनिक वियर के साथ बेहतरीन तरीके से मिक्स एंड मैच किया जाता रहा है। हालांकि ये आपको पक्का करना होगा कि आपके बाल सही शेप में हों और उनकी केयर अच्छी तरह से की गई हो। अगर आप किसी खास डेट पर स्पेशल दिखना चाहते हैं तो कम से कम एक महीने पहले से किसी प्रोफेशनल की मदद लेना ठीक रहेगा।

### लंबे बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल लंबे हैं, तो आप शाहिद कपूर का स्टाइलिश मॉप लुक आजमा सकते हैं। आपको करना सिर्फ इतना है कि आपको अपनी साइड्स को ट्रिम करना है, सिर के टॉप पर बालों की लेंथ को अच्छा रखना है।

आप उन्हें हेयर वैक्स या पोमेड से एक साइड की तरफ कॉम्ब कर सकते हैं, और उसी हिसाब से स्टाइल भी कर सकते हैं। इस स्टाइल को थोड़े मेंटनेंस की आवश्यकता होती है, लेकिन यकीन कीजिए कि, इस हेयर स्टाइल को अपनाने के बाद आपका लुक पार्टी में सबसे बेहतर दिखेगा।

### विराट कोहली की फेड कट

अगर आप किसी ऐसी हेयर स्टाइल को मेंटेन करना चाहते हैं, जो कभी भी फेल न हो और ज्यादातर फेसकट पर अच्छी दिखे। मेरी सलाह यही है कि आप विराट कोहली की सिग्नेचर फेड कट को आजमाएं। जी हां, ये हेयर स्टाइल वाकई हर किसी पर अच्छी दिखती है। वो भी सिर्फ इसलिए क्योंकि ये फेड हेयर स्टाइल वाकई बेहद शानदार है। आप अपने सिर और चेहरे के शेप के हिसाब से साइड पर अलग-अलग लंबाई भी आजमा सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### लड़कों को अपनी स्टाइल का पूरा ध्यान रखना चाहिए, लोग करेंगे तारीफ

## टीशर्ट पहनते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान, तभी मिलेगा परफेक्ट लुक

*जिस तरह से लड़कियां अपने कपड़े से लेकर ज्वेलरी तक का खास ध्यान रखती हैं, ठीक उसी तरह से लड़के भी आजकल अपने स्टाइल का काफी ध्यान रखते हैं। ऑफिस से लेकर घूमने जाने तक के लिए वह स्टाइलिश कपड़े पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए कई बार लड़के बॉलीवुड सेलिब्रिटी से भी टिप्स लेते हैं, पर कई बार ऐसा होता है कि टिप्स लेने के बाद भी लड़के कपड़ों को सही से कैरी नहीं कर पाते। ऐसे में आज आपको टी-शर्ट पहनकर परफेक्ट लुक पाने के लिए कुछ टिप्स बताएंगे। हालांकि टी-शर्ट पहनना काफी आसान है लेकिन फिर भी इसे पहनते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर आप टी-शर्ट पहनते समय कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो आपका लुक किसी हीरो से काम नहीं लगेगा।*



### सही हो फिटिंग

अगर आप पोलो टीशर्ट पहन रहे हैं, तो ध्यान रखें कि उसकी फिटिंग सही हो। अगर टीशर्ट ज्यादा ढीली होगी तो ये देखने में अजीब होगी, वहीं ज्यादा टाइट टीशर्ट आपके लुक को बिगाड़ सकती है। इसे पहनने से शरीर का आकार भी अजीब दिखता है।

### कॉलर करें सही से सेट

एक समय था जब ज्यादातर लड़के टीशर्ट के कॉलर को खड़ा रखते थे, लेकिन अब वक्त बदल गया है। आज के समय टीशर्ट का कॉलर सही से सेट किया हुआ ही अच्छा लगता है।

### बटन रखें बंद

टीशर्ट का परफेक्ट लुक पाने के लिए सिर्फ सबसे ऊपर वाला बटन खोल कर रखें। अगर आप सारे बटन खोलकर रखेंगे, तो ये देखने में काफी अजीब लगता है। खासतौर पर अगर आप दफ्तर जा रहे हैं, तो बटन का खास ध्यान रखें।





### टक इन करें या नहीं

अगर आपका पेट निकला हुआ है, तो कभी टीशर्ट को टकइन न करें। इससे पेट और अजीब दिखेगा। वहीं अगर आप एकदम फिट हैं, तो अपनी पसंद के हिसाब के टीशर्ट को टकइन कर सकते हैं।

### पॉकेट वाली टीशर्ट से रहें दूर

ज्यादातर टीशर्ट पर आगे की तरफ एक साइड पॉकेट लगी होती है। भले ही ये देखने में अच्छी लगती हो, लेकिन अगर आप इसे पहनेंगे तो आपका लुक खराब दिख सकता हैं। ऐसे में कोशिश करें कि जो टीशर्ट आप पहनने जा रहे हैं, उसमें जेब न हो।

## खबर संक्षेप




### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्टेट बैंक शाखा में लोगों को दिलाई गई शपथ

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास और जिला स्वीप नोडल मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश नंदनी साहू के निर्देशन एवं जिला स्वीप सहायक नोडल जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में लोक सभा निर्वाचन में शत - प्रतिशत मतदान कराने हेतु स्वीप अंतर्गत लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मेन रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैंक में आए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार प्रसार कर, मतदाता जागरूकता के तहत शत प्रतिशत मतदान करने हेतु, बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ साथ लोगों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान विकासखंड परियोजना अधिकारी जयराम प्रसाद, सुदर्शन दास, अजय देवांगन एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा के मुख्य प्रबंधक जादवेन्द्र कम्प, सहायक प्रबंधक शालिनी दत्ता, स्वाति हेमब्रम, गार्ड जगदीश केरकेट्टा सहित अन्य उपस्थित थे।

### त्यौहारों से पहले खाद्य एवं औषधि विभाग ने लिया मिठाइयों का सैम्पल



**राजपुर।** होली पर्व को देखते हुए जिले के होटलों में बिक रहे अमानक स्तर की मिठाइयों की बिक्री पर पाबंदी लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निरीक्षक नितेश मिश्रा द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्डों में स्थित होटलों में होली त्यौहार को देखते हुए मैदा, गुड, पनीर, मिठाई का नमूना लिया गया। साथ ही खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम के द्वारा विकासखंड वाड्रफनगर में त्रिलोकी यादव के होटल से लड्डू का जांच करने पर अमानक पाया गया तथा रामानुजगंज के एक होटल से पनीर, खोवा का नमूना लिया गया है। इसी प्रकार बलरामपुर, राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी के होटलों में भी छापा मार कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 52 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ लघु वेतन कर्मचारी संघ ने की जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात



**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ आज नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. डीएन मिश्रा से प्रदेश संगठन सचिव,जिलाध्यक्ष शम्भू प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में मुलाकात की। संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी से लंबित प्रकरण पर ध्यानाकर्षण कराते हुए बताया कि 2017 के बाद आज तक स्कूल शिक्षा विभाग टी संवर्ग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ नहीं मिल सका है और अन्य लंबित प्रकरण पर ध्यानाकर्षण कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संघ को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही समस्या का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान श्रीमती रिंकी मंडल, सुनीता कुशवाहा, राजू रवि, लालमोहन कश्यप, श्रीमती आयशा बेगम, मुकेश कुमार दास, सुजीत कुमार कश्यप, राकेश कुमार सिंह, नंदू सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छोटे बच्चों में फैंसी पिचकारी की भारी मांग

# सड़क किनारे सज गई रंग-गुलाल की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली को लेकर इस बार रंग-गुलाल के व्यवसाइयों में भारी उत्साह है। लम्बे अंतराल के बाद इस बार रंग गुलाल सहित अन्य सामग्रियों का जमकर कारोबार हुआ है। होलसेल में रंग गुलाल चार दिन पूर्व ही खत्म हो गया है तथा अभी भी खुदरा व्यवसायी रंग-गुलाल की मांग कर रहे हैं। होली के पूर्व 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं खत्म होने के कारण इस बार रंग-गुलाल के व्यवसाई काफी उत्साहित हैं।

**खास बात**

- बोर्ड परीक्षाएं खत्म होने के कारण व्यवसाइयों में उत्साह, थोक बाजार में 4 दिन पूर्व खत्म हुआ रंग-गुलाल

व्यवसाइयों का कहना है कि होली के दौरान बच्चों की परीक्षाएं होने का प्रभाव रंग-गुलाल के कारोबार पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। परीक्षा की तैयारियों में व्यस्त होने के कारण बच्चे होली नहीं खेलते। परिवार के सदस्य भी बच्चों का ध्यान परीक्षा के प्रति केन्द्रित रखने के उद्देश्य से औपचारिक रूप से होली मनाते हैं। इस बार होली पूर्व 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा खत्म होने एवं प्रायमरी से लेकर 11वीं तक की वार्षिक परीक्षाएं अप्रैल महीने में आयोजित होने के कारण इस बार रंग-गुलाल सहित अन्य सभी सामग्रियों की बिक्री अच्छी होने की उम्मीद है। मांग को देखते हुए खुदरा व्यवसायी जमकर खरीदी कर रहे हैं। स्थिति यह है कि चार दिन पूर्व ही थोक बाजार में रंग-गुलाल का स्टॉक खत्म हो गया है। होली में कम समय होने के कारण रायपुर एवं दिल्ली के व्यवसायी भी अब रंग-गुलाल की मांग पूरी करने से हाल खड़ा कर रहे हैं। इस बार गुलाल की मांग में काफी वृद्धि हुई है वहीं रंगों की बिक्री में कमी आई है। कम दाम की चायनीज पिचकारी से लेकर महंगी फैंसी पिचकारी, मुखौटा आदि का जमकर कारोबार हुआ है। रंग-गुलाल की खुदरा दुकाने भी जगह-जगह सज गई हैं। बुधवार तक मौसम खराब होने एवं लगातार बारिश होने के कारण अभी खुदरा कारोबार जोर नहीं पकड़ा है। व्यवसायी शुक्रवार से ग्राहक बढ़ने की उम्मीद व्यक्त कर रहे हैं।



सड़क किनारे रंग-गुलाल बेचते व्यवसायी।

**सूखी होली में रूचि**

पिछले सालों से सूखी होली के प्रति लोगों की रूचि लगातार बढ़ रही है तथा लोग अलग-अलग रंगों का गुलाल खरीद रहे है। पीले-हरे एंव गुलाबी रंग के गुलाल की मांग अधिक है। गुलाल की मांग बढ़ने के कारण रंगों की मांग कम हुई है। इस बार 70 फिसदी गुलाल एवं 30 फीसदी रंगों का व्यवसाय हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुलाल की मांग बढ़ी है लेकिन रंगों की मांग में भी खास कमी नहीं आई है। इसके विपरीत शहरी क्षेत्र में गुलाल की मांग में गुणात्मक वृद्धि हुई है तथा रंगों की मांग में काफी कमी आई है।

**हर्बल गुलाल पर जोर**

रसायनिक रंगों एवं गुलाल को लेकर लोग काफी सावधानी बरत रहे हैं। प्रशासन भी लगातार विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक कर रहा है। स्वसहायता समूह की महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के फलों एवं फूलों से विभिन्न रंगों का हर्बल गुलाल तैयार किया है। समूह की महिलाएं अलग-अलग स्थानों पर स्टॉल लगाकर हर्बल गुलाल का व्यवसाय कर रही हैं। शरीर के लिए अनुकूल होने के कारण लोग भी हर्बल गुलाल को पसंद कर रहे हैं। अपराधिक गतिविधियों के नियंत्रण एवं सुरक्षा कारणों से मुखौटे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक भी कर रही है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति मुखौटे लगाने से बचे। इस संबंध में अभिभावक बच्चों को भी प्रेरित करें।

### संगम चौक के समीप गंभीर हालत में मिले व्यक्ति की मौत

**अम्बिकापुर।** संगम चौक के समीप सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़े व्यक्ति की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के परिजन नहीं होने पर शव को शिनाख्त के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा गया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस कर्मियों ने बताया कि बुधवार को 11 बजे संगम चौक के समीप सड़क किनारे 35 वर्षीय व्यक्ति गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। सूचना पर संजीवनी 108 से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ के दौरान मरीज ने अपना नाम चमरू राम तथा शहर में भिक्षाटन करने की बात बताई। इसी बीच देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा है। पुलिस ने बताया कि डॉक्टरों से जब मरीज की मौत के संबंध में पूछा तो चिकित्सकों ने मरीज के निमोनिया तथा लीवर की बीमारी से मौत होने की बात बताई।

**हादसे में बाइक सवार की मौत**

चचेरा भाई से साथ सामान पहुंचाने जा रहे बाइक सवार सेमरा के समीप दुर्घटना गस्त पिकअप से टकरा गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम मकनपुर निवासी मुरारी लाल आ. स्व. सुगुन (32 वर्ष) बुधवार की शाम चचेरा भाई पवन के साथ बाइक से सामान पहुंचाने ग्राम टोनी जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सेमरा के समीप पहुंचे तभी एक दिन पूर्व ट्रक व पिकअप में हुई भिड़ंत से क्षतिग्रस्त हालत में सड़क पर खड़े पिकअप से टकरा गए। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल मुरारी की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को रायपुर लेकर जा रहे थे तभी उसकी तबीयत खराब हो गई जिससे परिजन उसे पुनः मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### नवपदस्थ सीएमएचओ ने ली स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक

**बलरामपुर।** जिले के नवपदस्थ सीएमएचओ डॉ. बसंत कुमार सिंह ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, पीएचसी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीएमएचओ डॉ. सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में रह कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनीमिया, कुष्ठ, टीबी, और मलेरिया मुक्त जिला बनाने के लिए सभी विकासखण्ड स्तर पर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। जिला स्तर पर एनीमिया के संबंध में डीपीएम बैठक आयोजित करें।सीएमएचओ डॉ. सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी विकासखण्ड प्रमुखों को निर्देशित किया की जिला से प्रदान समस्त आईईसी का प्रदर्शन स्वास्थ्य केंद्रों में करें। बैठक में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, एच.आर.पी. एवं पीएम.एस.एम.ए. का समीक्षा कर सभी गर्भवती माताओं का प्रसव पूर्व 04 ऐ.एन.सी. जांच कराने डॉ बसंत कुमार सिंह द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का ने जिले को एनीमिया मुक्त जिला बनाने के दिशा में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए वाड्रफनगर और कुसमी विकासखण्ड में प्रगति लाने के निर्देश दिये। जिला कुष्ट अधिकारी डॉ. सुबोध सिंह ने बताया कि जिले में 15 मार्च से 21 मार्च तक सघन कुष्ठ खोज अभियान भी चलाया जा रहा है।



### बच्चों से अच्छा व्यवहार नहीं करने पर व्याख्याता निलंबित

**बलरामपुर।** शासकीय उमावि जिगड़ी के व्याख्यता (एलबी) संतोष तिवारी को स्कूल के बच्चों के प्रति उचित व्यवहार नहीं करने पर आयुक्त सरगुजा संभाग द्वारा निलंबित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक बुधराम द्वारा डीईओ को आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उसके पुत्र के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिगड़ी के व्याख्यता (एलबी) संतोष तिवारी द्वारा मारपीट की गई। उक्त आवेदन के संबंध में डीईओ द्वारा बीईओ राजपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। जांच में शिक्षक श्री तिवारी द्वारा अध्ययनरत छात्र नानसाय के साथ कक्षा में अध्यापन के दौरान नोट कॉपी नहीं लाने पर शारीरिक रूप से दण्ड के रूप में झापड़ मारने तथा कक्षा से बाहर निकालने की शिकायत प्रथम दृष्टिया पुष्टि हुई है। श्री तिवारी का उक्त कृत्य बच्चों के प्रति सम्यक व्यवहार नहीं किये जाने की श्रेणी में आता है। जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरित है। उक्त कृत्य के लिए संभागायुक्त जीआर चरेन्द्र द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री तिवारी का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग अंबिकापुर किया गया है।

## 100 दिनों में रचे सफलता व विश्वास के कीर्तिमान : उद्धेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- गिनाई प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

प्रदेश भाजपा सरकार के सौ दिन पूरे होने पर राजपुर अग्रसेन भवन में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा, जिला महामंत्री संजय वरिष्ठ भाजपा नेता रामकिशुन सिंह, जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल,विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के 100 दिन पूर्व होने पर सरकार के उपलब्धियां को बताया है। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने बताया कि विष्णुदेव साय की सरकार ने मात्र सौ दिनों में ही सफलता और विश्वास के इतने कीर्तिमान रचे हैं जितना पूरे पांच वर्ष में भी कांग्रेस की सरकार नहीं कर पायी। साय सरकार के ये सौ दिन छत्तीसगढ़ में विश्वास की पुनर्बहाली, सुशासन के पुनरोदय के रहे हैं। कांग्रेस ने अपने कृत्यों से, जनता के साथ किए वादाखिलाफी से भरोसे का जो संकट पैदा किया था भाजपा सरकार ने उस संकट को दूर किया है। जनता में फिर से सरकार के प्रति भरोसा बहाल हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो गारंटियां दी थी मात्र बारह हफ्ते के रिकॉर्ड समय में उनमें से अधिकांश बड़ी गारंटियां पूरी कर ली गयी है। हमने पहली केबिनेट में ही छत्तीसगढ़ के 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का अभूतपूर्व निर्णय लिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के जन्मदिन सुशासन दिवस के अवसर पर 3716 करोड़ रुपए किसानों को दिया है। महतारी वंदन योजना में प्रदेश की मातृशक्ति के आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए 70 लाख से अधिक महिलाओं को 10 मार्च को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की वर्चुअल उपस्थिति में लगभग 655 करोड़ रुपए सीधे उनके खातों में अंतरित कर दी गई है। उपभोक्ताओं को प्रति माह 400 यूनिट तक की विद्युत खपत पर आधे दाम पर बिजली देने के लिए बजट में 1 हजार 274 करोड़ रुपए का प्रावधान है। एकल बत्ती कनेक्शन धारी परिवारों को 30 यूनिट खपत तक निःशुल्क बिजली प्रदान करने के लिए 540 करोड़ रुपए का प्रावधान है। इस अवसर में मनोज बंसल, संतोष पांडेय, अनिल तिवारी व उपस्थित थे।






## अवसर के प्रति हमेशा सजग रहना जरूरी : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- विवि शिक्षण विभाग में मना वार्षिकोत्सव, उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा गुरूवार को पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग, कुल सचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी के आतिथ्य एवं कुलपति प्रो.अशोक सिंह की अध्यक्षता में विवि शिक्षण विभाग का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.सिंह ने कहा कि जीवन में किसी भी कार्य को करने के लिए संघर्ष और कड़ी मेहनत आवश्यक है। विवि अतिशीघ्र अपने नवीन परिसर अकादमिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करेगा। जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा। हमें पूरी हमें पूरी ईमानदारी और नई ऊर्जा के साथ संस्था के विकास के लिए तत्पर रहना होगा। उन्होंने डिटरमेनेशन, डेडीकेशन, डिसीपलीन के बारे में बताया तथा कहा कि सपने वे नही होते जो सोते वक्त दिखते है बल्कि सपने वे होते है जो आपको सोने नहीं देते। पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग ने कहा कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण कर कड़ी मेहनत करने से सफलता मिलती है। विद्यार्थियों को हमेंशा अवसर के प्रति सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सर्विसेज की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने जीवन की सफलताओं के बारे में बताया। कुल सचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। समारोह फार्म एवं फरेस्ट्री विभाग की आयुषी एवं संतोषी के स्वागत नेतृत्व से प्रारम्भ हुआ। अन्य विभाग की छात्राओं ने लोकनृत्य, नाटक, रिमिक्स नृत्य, सोलो नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। अंत में अतिथियों ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित विविध प्रतियोगिता के विजेताओं एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आयुषी सिन्हा, अनिल कुमार लकड़ा, संतराम मरावी, उर्मिला राजवाड़े, अंकित सिंह, शिवांगी भगत, अमरावती, रामविलास, अनमोल बारी, प्रज्जवल राव, अश्विन बड़ा, इभा किण्डो, निर्भय पाण्डेय, प्रताप कुशवाहा, आकृति को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ.अमृता, डॉ.सुषमा, डॉ.मनोज, डॉ.धीरज, डॉ.अर्नब, डॉ.जयत्सु, समन नारायण, मुकेश नाम, आनंद कुमार, आशिम केरकेट्टा, अभय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पोषण पखवाड़ा के तहत पौष्टिक आहार के संबंध में दी गई लोगों को जानकारी

**सोनगरा।** भटगांव स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में यूनिसेफ़ वी द पीपल फाउंडेशन, रेहाना फाउंडेशन और महिला बाल विकास के सयुंक्त तत्वाधान मे पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण कार्यशाला में बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से पोषण से संबंधित जानकारी तथा वीडियो और स्लाइड दिखा कर पोषण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के सवालों का जवाब दिया गया ।यूनिसेफ़ से जिला सलाहकार प्रथमेश मानेकर द्वारा एनीमिया के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई और विस्तार से बताया गया की किस कारण से एनीमिया होता है और उससे बचने के क्या क्या उपाय किए जा सकते है। रेहाना फाउंडेशन के अफ़रोज़ खान द्वारा बच्चों को वोकल फॉर लोकल के बारे में जानकारी दी गई और पैकेज फूड से बचने और घर का बना पौष्टिक खाना खाने की सलाह दी। साथ ही मुनगा भाजी का भरपूर उपयोग करने की बात बताई गई। आईसीडीएस विभाग से सुपरवाइजर तंद्रा चौधरी द्वारा बच्चों को तिरंगा भोजन, विटामिन, और आयरन युक्त सुपोषित आहार के बारे में बताया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य पीआर तोमर, प्रधान पाठक सुखलाल गुप्ता, शिक्षक पंकज राय, केजीबी पाण्डेय, श्रीमती राजकुमारी मेहता, पूनम सिंह, सुमन साहू, विना सिंह पोरते,वर्षा उइके, संतोष गुप्ता सहित अन्य शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।















